अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 9 अप्रैल 2026
वैशाख कृष्ण-सप्तमी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO.IV.- BOTTOM

10वां मैच बारिश में धुला, 11वें में एसआरएमएस किंग्स विजयी

क्रिकेट टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को किया पुरस्कृत। स्रोत : संस्थान

बरेली। एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में संचालित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स में 10वां और 11वां मैच फिर बारिश से बाधित हुआ। आईनेक्स्ट जनरेशन और तेजस्वी स्पोर्ट्स मेरठ के बीच खेला गया 10वां मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा, जिससे दोनों टीमों को 1-1 प्वाइंट दिए गए। 11वें मुकाबले में एसआरएमएस किंग्स ने मनीष शर्मा स्पोर्ट्स फेडरेशन (एमएसएसएफ) दिल्ली को तीन विकेट से पराजित किया। एमएसएसएफ के कप्तान ध्रुव मेहरोत्रा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और टीम ने आठ विकेट खोकर 20 ओवर में 122 रन बनाए। इसके जवाब में एसआरएमएस किंग्स ने 124 रन बना कर तीन विकेट से मैच जीत लिया। जीत में विजय (21 रन, 20 गेंद, 2 चौके), पंकज (55 रन, 49 गेंद, 8 चौके, 1 छक्का) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आठ चौके और एक छक्के की मदद से शानदार अर्धशतक बनाने वाले पंकज को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। संवाद